**Methodology-** This study uses a descriptive-diagnostic research design. Although it was intended to adopt a mixed methodologies approach, which combines quantitative and qualitative research methods, time limitations stopped this from happening. Two senior secondary (10+2) schools in Lucknow city to make out the study's sample. One was a private school and the other was a government school in terms of management type. The government school was close by the private school, which was to be considered the best in Lucknow, so that the student catchment areas for the two institutions would be about equal. 75 class 12th students from each school, chosen at random to ensure that both males and girls were part of the sample, constituted the sample. To ensure that both boys and girls were represented in the sample, 75 12th class students from each school were selected at random to make up the sample. But only 110 sample was collected (46 from the private and 65 from the government school). Research tools for data collection included a questionnaire and interview scheduled that was to be administered to the students who formed part of the sample. But finally, only questionnaire could be used because of time limitation. Both primary and secondary data sources were used for the study. SPSS was used for data analysis.

**Discussion-** In the table depending on location, we can see the students from both schools. Among the private school students, nearly all (95.7%) reside in cities, but only 69.2% of the students from government schools do. Just 4.3% of the students from private schools live in the village, compared to 30.8% of those from the government school. According to a study conducted by M. L.Wangoo and Mahmood Ahmad Khan at the University of Kashmir in January 1991 titled "Socio-Economic Status and Academic Achievement - A Comparative Study of Government and Private School Students," result shows that students attending private schools are generally in better economic position than those attending government schools. According to another study "Rural Education in India: a scenario" that Eighty-seven percent of the schools in India are in the country's villages. 71.0% of village and economically disadvantaged students attend government schools, while 24.3% attend private schools, according to government figures and independent studies. Almost 90% of rural elementary schools are run by the government. If you examine why students attend government schools, you will discover that their economic lack of development is the cause of the issue. Thus, economic weak position is the main reason why city students attend government schools means their parents' socio-economic status is weak.

Only 73.8% of students at government schools live in pucca homes, compared to 100% of students at private schools, according to a table that falls down housing types. It is known that some students who attend public schools live in mixed-house, slum, and kutcha house. Also, this data demonstrates that students who attend government schools do not enjoy a high standard of living. For families with children attending government schools, a chart that breaks down income sources shows that 29.2% of occupations in the labour force and private employment account for a higher percentage of families' income. Nonetheless, business is the primary source of revenue for most families with students in private schools. This information demonstrates that government school students' financial situation is not as excellent as that of private school students.

Most students at both schools are from the middle class, with government schools having a higher percentage (69.2%) than private schools (58.7%), when we comparing social classes of the students in both schools. In contrast to government school students, who constitute a greater percentage (86.2%) of the student population, a smaller number (67.4%) of children who attend private schools are middle class. While greater percentage (67.4%) of students attending the private school belongs to the middle class, but compared to the government school, higher percentage (86.2%) of students belong to lower class. A study conducted by Ali, McWhirter, and Chronister (2005), people from lower social classes often exhibited weaker career-related self-efficacy when it came to their professional aspirations. "Those from higher social class backgrounds tend to be more successful in developing career aspirations and are generally better prepared for the world of work because of access to resources such as career offices, guidance counsellors, better schools, high level "social actors," and familial experience with higher education (Diemer & Ali, 2009).

According to the data on age, more students aged 18 (36.9%) were enrolled in the government school, while in the private school (58.1%) the average age of students is 17. In the While 19-year-old students had not founded in the private school, those in the government school did so and their founding percentage was (16.9%). My research supports a 2013 study by Reardon, Valentino, Kalogrides, Shores, and Greenberg, which discovered that adolescents from low-SES families enter high school with literacy abilities that are on average five years behind those of students from high-income homes. There is another study conducted by Morgan, Farkas, Hillemeier, and Maczuga (2009) found that academic skill development is slower for children from low-SES homes and communities than it is for children from higher SES groups. My research also offers same evidence. Moreover, college - going students from low-SES backgrounds are less likely to have access to informative resources regarding colleges, according to Brown, Wohn, & Ellison (2016).

In accordance with the table of qualifications for student fathers. shows that the highest percentage of Government school student father's education (33.8%) is IX- XII class. But a higher percentage (33.8%) of Private school father's education found up to post-Graduation. A table based on fathers' occupations of students, students whose fathers are typically employed in the labour force (38.5%) in government schools, as opposed to businesses (39.1%) in private schools. A study conducts by Strohschein LA. "Household income histories and child mental health trajectories." SES and mental health have long been found to be negatively correlated. In other words, the likelihood of the child having mental health issues increases

with lower parental SES. According to conceptual approaches and facts, persistent poverty has a greater impact than current poverty on children's mental health, especially aggressive activity. Further in this context a study by Breen and Goldthorpe from 1997, has result that fathers in salaried jobs should be more conscious of the value of education and should therefore make greater investments in their children's education. But low SES students generally join government schools or have no formal education. “Children coming from lower SES families are more likely to manifest some psychosomatic symptoms or non-adaptive behavior” according to Patterson G, De Barsyshe B, Ramsey E. On the other hand, Bhalotra and Heady (2003) and Basu, Das, and Dutta (2003) discover that parents are less likely to invest in their children's education when direct occupational conversion or exchange of capital is an option to get their children a desirable job in society. So, compared to people with independent jobs, farmers and company owners could feel less inclined to invest in their children's education. Furthermore, as small farmers are more likely to expect their kids to assist with land maintenance, the opportunity costs of sending them to school may be substantial amount for them. Another study conducts by Danzig AP, Bufferd SJ, Dougherty LR, Carlson GA, Olino TM, Klein DN. confirmed that preschool and school age children suffer from various forms of stress within their immediate family. Stress, psychological harassment, various forms of abuse that significantly affect the growth and development of every child.

Noble KG, Houston SM, Kan E, Sowell ER. Brito NH, Noble KG. stated in their article that the development of brain regions crucial for the children's cognitive abilities is probably caused by differences in how stress is experienced. There is also evidence from Fluss J, Ziegler JC, Warszawski J. reasearch that stress itself primarily impacts the brain and limbic system, has a major effect on a child's emotions, and results in excessive cortisol production, which damages chromosome telomeres and ultimately results in rapid cellular ageing and decreased lifetime. Further, they asserted that due to various problems that other children can see, children from lower SES families are frequently the targets of bullying by their classmates. Selecting personal attire, stationery items, or even just a school snack, if a student can afford it, can lead to awkward circumstances. One of the worst types of violence is mental abuse, although it can take many different forms and have varied effects on everyone. It most frequently shows itself as alienation, stress, and melancholy in school-aged children. When they feel like they are better than some of their peers, boys can further enhance the development of violence. Moreover, it has been found that children who have experienced different types of abuse and harassment generally reach adulthood to execute abuse themselves.

We saw that in the government school, about 40% of students' moms are illiterate, while in the private school, about half of students' mothers (45.7%) are graduates. Although most of the moms in both schools are housewives, the government school percentage (80%) is higher than the private school number (65.5%). Morgan et al. (2009) found a correlation between a mother's SES and her child's lack of focus, interest, and collaboration in school. Lakwo (2007) also makes the case that mothers who are gainfully employed and contribute to the family's money have greater sway over decisions affecting the family than do women who are not employed. Consequently, both explanations show that low-SES students lack interest in studying.

There is substantial proof that children of more educated parents are more likely to attend school and are less likely to drop out (UNESCO, 2010; Huisman and Smits, 2009; Ersado, 2005; Buchmann and Brakewood, 2000; Colclough, Rose and Tembon, 2000; Shavit and Blossfeld 1993). Breen and Goldthorpe (1997) asserted that parents who had acquired a specific educational level could desire their children to pursue their goals as well. Emerson and Portela Souza (2007), Shu (2004), Kambhampati and Pal (2001), and Fuller, Singer, and Keiley (1995) have argued that the mother's education might also be extremely vital for a girl's involvement in school. Moms who have successfully completed a particular level of education have seen its value and are aware that girls can attain that level. Low SES early childhood has been linked to poor mental, linguistic, memory, and socioemotional processing, which leads to poor adult health and income, according to Aikens & Barbarin (2008). The academic progress and results of kids are frequently significantly impacted by the under resourced school systems in low-SES communities.

So, from above arguments we want to prove that a parent's SES seems to have an impact on their child's future, and demonstrates that how low SES children's education, schooling, and future are influenced by their parents' educational background and line of work. Consequently, such children struggle with poor academic performance, low career aspirations, and mental stress related to the future. It, to a certain extent, relates to issues with students' mental health.

**Conclusion-** Let us, finally, very briefly discuss the main conclusion of the study specifically focusing on my III hypotheses that is “Parental socio-economic status of students influences their career aspirations much more than other factors.” So, in this regard, we found that most of the general category students have chosen their academic career on their own, followed by scheduled castes and OBC students. Parents come second in influencing their child in general caste students. Among most of higher-class students were motivated by self and parents respectively. Similarly, among lower class students were motivated by self and parents respectively. However, middle class students were motivated by parents. Moreover, it is seen that the upper-class students were motivated by famous personalities also. Regarding choice of occupation, it was observed from the data that highest percentage of students who is self-motivated is those whose father’s occupation is government service. Next, lot of self-motivated students is those whose fathers’ occupation is private sector job, labour, business, and agriculture. Thus, it emerges that self-motivation of students is the most important factor influencing their career choice. This is followed by their career choice being influenced by their parents. It may be noted that self-motivation of students is linked with their parental socio-economic status. So, in the final analysis, it is the parental socio-economic status of students that influenced the career choice of students irrespective of their affiliations like caste, class, fathers’ occupation. But it is not always the case that higher the parental socio-economic status of students, higher would be the influence of parental socio-economic status is influencing their career choice. Further, it also becomes clear from the data that the role of other factors, such as school, relatives, friends, and neighbour have very little influence in determining their career choice. Hence, finally it can be said that hypothesis is found to be largely valid.

Therefore, it is visible from the presented data that parents’ socio-economic status has impact on students career aspirations.

## References


1. Trebbels M. (2015), “The transition at the end of compulsory full-time education”, Distribution and construction of educational aspirations, DOI 10.1007/978-3-658-06241-5_11, published at Springer Fachmedien Wiesbaden.
2. School characteristics, socio-economic status, and culture as determinants of primary school enrolment in India.
3. Strohschein LA. Household income histories and child mental health trajectories. J Health Soc Behav. 2005; 46:359-75. DOI: 10 .1177 / 002214650504600404.
4. Patterson G, De Barsyshe B, Ramsey E. A developmental perspective on antisocial behavior. Am Psychol. 1989; 44:329-35. DOI: org/10.1037/0003-066X.44.2.329.
5. Danzig AP, Bufferd SJ, Dougherty LR, Carlson GA, Olino TM, Klein DN. Longitudinal associations between preschool psychopathology and school-age peer functioning. Child Psychiatry Hum Dev. 2013;44(5):621-32. DOI: 10,1007 / s10578-012-0356-4
6. Fluss J, Ziegler JC, Warszawski J. Poor reading in French elementary school: the interplay of cognitive, behavioral and socioeconomic factors. J Dev Behav Pediatr. 2009; 30:206-16. DOI: 10.1097/DBP.0b013e3181a7ed6c
7. Wangoo M.L. et al. (January 1991), “Socio-Economic Status and Academic Achievement - A Comparative Study of Government and Private School Students” (University of Kashmir)
8. Kumar V. (September 2005), “Situating Dalits in Indian Sociology”, Published in Sociological Bulletin 54(3): 514-532, pp-521, Publication at: researchgate.net/publication/314385477.
9. A.H. M. Huisman, Uma Rani, J. P. J. M. Sm (January 2010),School characteristics, socio-economic status and culture as determinants of primary school enrolment in India.
10. Hans V. B. (08 May 2016), “Dalits in India – From Marginalisation to Inclusion”, Published at researchgate.net/publication/302294900, publication of An International Multidisciplinary e-Journal (Peer Reviewed & Opened Access Indexed), pp-449.
11. Priya Mukherjee (November, 2017) “The Effects of Social Identity on Aspirations and Learning Outcomes: A Field Experiment in India”.
12. Plamen Mirazchiysk et al. (03 November 2017), “Measuring Students’ Family Background in Large-Scale International Education Studies”, publication at: https://www.researchgate.net/publication/277270832, International Educational Research and Evaluation Institute (INERI). uploaded on IERI Monograph Series Issues and Methodologies in Large-Scale Assessments.
13. Vukojević, M. et.al. (December 2017), Parental Socioeconomic Status as a Predictor of Physical and Mental Health Outcomes in Children - Literature Review Acta Clinica Croatica 56(4):742-748; DOI:10.20471/acc.2017.56.04.23 accessed at-file:///D:/edit/mental%20health%20and%20parental%20socio-economic%20status.pdf, accessed on March 23.
14. Chandra I. et al. (December 2019), “Impact of ICT on Career Aspiration of students belonging to indigenous communities and most backward sections of India - an Empirical Study of Tribal Development Board Schools of O...” Publication at: researchgate.net/publication/337474289.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2023 SHISRRJ | Volume 6 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# जनजातियों का प्रकृति प्रेम

डॉ0 शाहेदा सिद्दिकी
प्राध्यापक (समाजशास्त्र), शा0 ठाकुर रणमत सिंह, महाविद्यालय, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत।

**Article Info**

**Publication Issue :**
January-February-2023
Volume 6, Issue 1

**Page Number :** 61-66

**Article History**
Received : 01 Jan 2023
Published :13 Jan 2023

शोधसारांश— जनजातीय समाज अलग किस्म का रहा है। उस समाज के लोकाचार की विधाएँ जंगलों—पहाड़ों और नदियों के साथ समेकित रही हैं। सामाजिक मान्यताएं, सांस्कृतिक समझ और आस्थाओं से जुड़ी संवेदनाएं किसी अन्य प्रकार की अवधारणाओं को पोसती हुई नजर आती हैं। उनकी सामाजिक प्रवृत्ति और उनका सांस्कृतिक झुकाव सामूहिकता को बढ़ावा देते हुए व्यक्ति से व्यक्ति को जोड़ने का विश्वास पैदा करने में समर्थ दिखता है। आदिवासी जीवनशैली में आबोहवा से लेकर अन्य तरह के प्राकृतिक अवयवों की बेहतरीन भूमिका प्रत्यक्ष तौर से देखी जा सकती है। पेड़ों की पूजा और सुसंगत तरीके से उन्हें काटने का अनुशासन जनजातीय समाज में युगों से है। इस बात को नयी पीढ़ी को समझना होगा। इस समाज की अनगिनत पीढ़ियों ने अपनी सोच, भावनाओं, जीवनशैली, अपने लोकाचार, जीवन—व्यवहार, धर्म, आस्थाओं और संस्कारों में प्रकृति को केंद्र में रखकर जिस कुदरत को बचाया है, उसे बचाकर रखना हमारा बुनियादी कर्तव्य है।
**कूट शब्द** : सांस्कृतिक समझ, लोकाचार, लोकज्ञान, जीवनशैली, बुनियादी कर्तव्य आदि।

जनजातीय यानी पहाड़ों और जंगलों में बसी बस्तियों का निवासी। दुनिया में इस शब्द के साथ यही तस्वीर अंतर्मन में आती है कि ऐसा समाज जो जंगलों में रहता चला आया है। प्रकृति के बीच रहकर, उसके साथ सामंजस्य बिठाकर वह जैव—संसाधनों का प्राचीन और सच्चा रखवाला होता है।[1] एक आदिवासी कुदरत से जुड़े ज्ञान का युगीन विशेषज्ञ माना जाता है और प्रकृति के मनोनुकूल जीवनशैली का वह एक अभिज्ञ, अद्भुत और अनुभवी साधक होता है। इस समाज का जीवन—दर्शन और जंगलों के इन रहवासियों के शाश्वत मूल्यबोध इस बात को बखूबी दर्शाते हैं कि पेड़ों—वनस्पतियों के अलावा अन्य किस्म के प्राकृतिक अवयवों पर आधारित इनका लोकज्ञान अपार और असीमित है। बेशक, इनके समाज

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

की रचना और उसे बनाए रखने की प्रतिबद्धता इतनी बेमिसाल होती है जो इनकी पहचान के विभिन्न सम्बोधनों में भी इन्हें प्रकृतिजीवी होना बताता है।[2]

इसमें कोई शक नहीं कि जीवन का तत्व–बोध आदिवासी समाज से बेहतर कौन जानता है, जो कहता है, सेनगे सुसुन, काजिगे दुरंग.....[3] यानी चलना नृत्य है और बोलना गीत–संगीत है। यही जीवन है। जी–तोड़ मेहनत के बाद देर रात तक मौसम की परवाह किए बिना गांव के सारे लोगों का सार्वजनिक खुला स्थल में साथ–साथ नाचना और गाना चलता है। बसंत में सरहुल खुशियों का पैगाम माना जाता है जब प्रकृति पूरे यौवन पर होती है। फसलों से घर और फलों–फूलों से जंगल भरा रहता है। कितना खूबसूरत है यह सुनना कि प्रकृतिजीवी आदिवासी ऐसा मानते हैं कि प्रकृति किसी को भूखा नहीं रहने देती है।

आदिवासी शब्द का प्रयोग मूलतः उन निवासियों के लिए किया जाता है जिनका उस भौगोलिक क्षेत्र के ज्ञात इतिहास से पुराना संबंध रहा है, जो क्षेत्र सदियों से घनघोर जंगलों से आच्छादित रहे हैं।[4] इस इंसानी समूह का इतिहास जंगलों के बढ़ने और समृद्ध होने का इतिहास है।[5] उन जंगलों–जमीनों–जल संकायों–नदियों को बचाने और उन्हें सम्पन्न किए जाने का इतिहास है, न कि दो राजाओं के बीच परस्पर लड़ाईयों के पराक्रम का इतिहास है। यदि आदिवासियों को 'जनजाति', 'वनवासी', 'गिरिजन', 'ऐबोरिजिनल', 'इंडिजिनस', 'देशज' आदि नामों से पुकारते हैं तो इन तमाम शब्दों और सम्बोधनों के अपने तर्क हैं जो कहीं न कहीं से उन्हें जल–जमीन–जंगल और जानवर से भरी सम्पदाओं का सबसे करीबी होना साबित करता है।[6]

जनजातियों के प्रकृतिजीवी होने की कहानी भी रोचक है। यह उनके पूर्वजों की पसंद का नतीजा है। एक नजर हजारों साल पहले के इतिहास पर–आखेट से आगे बढ़कर जब समूची सभ्यता पशुपालन और बाद में कृषि अपनाना पसंद कर रही थी तो देश की एक बड़ी आबादी जंगलों में ही रह गई। परिवार, निजी संपत्ति और राज्य की उत्पत्ति में फ्रेडरिक ऐंगल्स लिखते हैं कि 'ध्यान देने की बात है कि बर्बर युग से आगे कुछ पशुओं को पालतू बना चुके आदिम समाज के बीच खेती की प्रवृत्ति शुरू हुई तो सब के सब खेती–किसानी या पशुपालन से नहीं जुड़े।' बल्कि सभ्यता के एक बड़े हिस्से जंगलों में रहकर अपनी आदिमता में रहना पसंद किया। उन्होंने कृषि कर्म आंशिक तौर से अपना लिया क्योंकि वे अपने गोतिया लोगों के संपर्क में जरूर थे और लम्बे कालानुक्रम में जंगलों में ही शिकार–आखेट, वनोपज संग्रह करते हुए बांस–खरपतवार से अपने रिहाइश के निर्माण से जिन्दगी जीने लगे। इस निर्माण की अलग–अलग शैली उभर कर सामने आयी जो स्थानीय मौसम–बारिश से लेकर उपलब्ध जंगल के

संसाधनों पर निर्भर थी।[7] जैसे झारखण्ड में बंदरों को मारकर खाने वाले विरहोरों ने साखू के पत्तों से घर बनाया तो तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में फैली नीलगिरि की पहाड़ियों में टोडा आदिवासियों ने अपना घर बिलकुल अंडाकार आकार में बनाया। क्योंकि वहां बारिश अधिक होती है तो छतों से पानी का तत्काल बहना जरूरी है। गुफाओं से निकलकर सभ्यता का स्वाद सूंघते आदिवासियों की यह पहली टेक्नोलॉजी थी, जो आज भी मौजूद है।

खेती अपना चुकी इंसानी आबादी ने घरों के निर्माण के साथ बस्तियां बसाकर सभ्यता के कई चरण पूरे किए। जो जंगलों में थे, उन्होंने गृहस्थी की धीमी प्रक्रिया को बरकरार रखा जबकि ग्राम के रहवासियों ने अनाज कूटने और पीसने के साधनों का आविष्कार किया। इस वर्ग का नगरीकरण या आधुनिकीकरण से कोई वास्ता नहीं था। यानी राज्य की अवधारणा के तमाम घटकों और गुणकों से वे सब के सब दूर रहे। वे जंगलों के थे, जंगलों में थे और जंगलों के लिए थे। लिहाजा, उनकी जीवनशैली में प्रकृति का खालिसपन आज भी देखने को मिलता है।

जंगलों और पहाड़ों में रहने वाले उन आदिवासियों का अपना साहचर्य से भरा समाज रहा है। एक बेजोड़ सांस्कृतिक मूल्यबोध रहा है। प्राकृतिक अवयवों पर आधारित आर्थिक तंत्र रहा है जो बाद में खेती—पशुपालन और आखेट की एक मिश्रित व्यवस्था में तब्दील हो गया था। यानी 'उनकी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिस्थितियाँ उन्हें राष्ट्रीय समुदाय के अन्य वर्गों से अलग करती हैं।' कहने का आशय है कि जिन्हें आज हम आदिवासी कहते हैं, जनजाति कहते हैं, जिन्हें वनवासी भी कहा जाता है, उनका समाज अलग किस्म का रहा है। उस समाज के लोकाचार की विधाएँ जंगलों—पहाड़ों और नदियों के साथ समेकित रहीं हैं। सामाजिक मान्यताएं, सांस्कृतिक समझ और आस्थाओं से जुड़ी संवेदनाएं किसी अन्य प्रकार की अवधारणाओं को पोसती हुई नजर आती हैं। उनकी सामाजिक प्रवृत्ति और उनका सांस्कृतिक झुकाव सामूहिकता को बढ़ावा देते हुए व्यक्ति से व्यक्ति को जोड़ने का विश्वास पैदा करने में समर्थ दिखता है।

भारत के संदर्भ में आदिवासी जीवन के प्राचीन जीवनशैली से लेकर आजादी मिलने के बहुत दशकों बाद तक क्रमागत जिन्दगी के कुछ अबूझ वैशिष्ट्य लक्षण रहे हैं। यहाँ तक कि युवापन के दस्तक देने के ठीक पहले शयन की जो व्यवस्था थी, वह भी सामूहिक स्तर पर चलायी जाती थी। भोजन—उत्सव—मनोरंजन और मैथुन की सामूहिक व्यवस्था सर्वानुमति मूलक व्यवस्था में संचालित होने से किसी आदिवासी में एकाकीपन नहीं आता था।

जनजातीय जीवनशैली में आबोहवा से लेकर अन्य तरह के प्राकृतिक अवयवों की बेहतरीन भूमिका प्रत्यक्ष तौर से देखी जा सकती है। इनके पूर्वज हवाओं में प्राण–वायु बनकर रहते हैं और मौसमी घटाओं में जा घुलते हैं। इसलिए पूर्वजों से लगाव रखने के लिए हवाओं का शुद्ध होना इनकी जिन्दगी की प्राथमिकता है तो बादलों का निरंतर आते रहना उनकी आत्मिक इच्छा होती है। इन दोनों के लिए पेड़ों की मौजूदगी चाहिए। पेड़ों का महत्त्व आदिवासियों के जीवन का मर्म है। वह उनमें अपनी आत्मा तलाशते हैं। ऐसी मान्यता है कि उन पेड़ों की शाखाओं में सारे कुटुम्बों का वास रहता है। उन मृतात्माओं की यादें गाँव की सरहद पर सजी शिलाओं में समाहित हो जाती हैं जिसे 'ससनदीरी' कहते हैं।[8] ससनदीरी उनके अपनों का प्रतीक है जो गांवों की सीमा तय करता है। इसी प्रक्रिया में वे पहाड़ों को पूजते हैं। उसका मनुहार करते हैं कि हमारे साथ बने रहिये। हर नए काम के पहले पत्थरों में रहते अपने कुल देवताओं को और पूर्वजों को याद किए जाने का रिवाज है और जंगलों में जाने के पहले किसी शिला–पूजन से कोई आदिवासी समाज अछूता नहीं रहता है।

आज्ञा लेना और पूर्वजों को मनाकर चलना खास तरह की वैचारिक पद्धति है जो टोटम के तौर पर जानी जाती है। उस टोटेम भी वनस्पतियों का उपयोग है, उन फूल–पतियों का सम्मान है जो खास मौसम में खिलते हैं, फूलते हैं और फलते हैं। टोटेम के लिए महत्वपूर्ण फूल आदिवासियों में पूजनीय बन जाते हैं। टोटेम की मान्यता और उसके प्रति लोक लोक आस्थायें बेहद महत्वपूर्ण होतीं हैं। किवदंतियों के मुताबिक जब महा□रत का युद्ध चल रहा था, तब आदिवासियों ने युद्ध में कौरवों का साथ दिया था, जिस कारण कई मुंडा सरदार पांडवों के हाथों मारे गए थे। इसलिए उनके शवों को पहचानने के लिए उनके शरीर को साल के वृक्षों के पत्तों और शाखाओं से ढका गया था। इस युद्ध में ऐसा देखा गया कि जो शव साल के पत्तों से ढंके गए थे, वे तमाम शव सड़ने से बच गए थे और बिलकुल ठीक थे। किन्तु जो अन्य चीजों से ढंके गए थे, वे तमाम शव सड़ गए थे। ऐसा माना जाता है कि इसके बाद साल के पेड़ों और पत्तों पर आदिवासियों का विश्वास बढ़ गया। ऐसा भी माना जाता है कि आधुनिक युग में सरहुल पर्व के रूप में उसी घटना को याद करते हुए मनाया जाता है जिसमें साल के पेड़ और पत्ते सबसे ज्यादा महत्व रखते हैं। लेकिन झारखंड के आदिवासियों का ऐसा कहना है कि महाभारत युद्ध के बहुत पहले ही यह वृक्ष उनकी आस्थाओं का केंद्र बन चुका था।

आदिवासियों का कल्पवृक्ष महुआ है। जैसे हिन्दुओं में तुलसी की पवित्रता की एक से एक आाख्यिकाएँ हैं वैसे ही आदिवासियों के बीच महुआ पवित्र है। यह फूल आदिवासियों की खुशियों का मीटर है क्योंकि पारम्परिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ के तौर पर इसकी मान्यता रही है। यानी महुआ अच्छा

तो साल भर की गृहस्थी का काम अच्छा। नहीं तो सभी तरह के खर्चे टालने पड़ते हैं। महुआ की तरह प्रकृति के तमाम जीव और वनस्पतियां आदिवासियों के लिए कितनी महत्वपूर्ण हैं, ऐसी जिज्ञासा जरूर होती है। ओडिशा के सीमा के साथ जुड़े झारखण्ड के कोल्हान इलाके में परम्परा है कि घर के नए दामाद या बेटा केकड़ा पकड़ने खेतों में जाते हैं। उनके द्वारा पकड़े गए केकड़े को साल पेड़ के पत्तों से लपेटकर रसोई में चूल्हे के सामने उसे टांग दिया जाता है। आषाढ़ आते–आते केकड़ा कब का मर चुका होता है और तब खेतों में बीज बोने के समय केकड़ा का चूर्ण बनाकर बीज के साथ खेत में बोया जाता है। इस परम्परा को लेकर ऐसी मान्यता है कि केकड़ा के पैर की तरह फसल में वृद्धि होगी। आदिवासी समाज में ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से घर में खुशहाली आती है। फसलों में वृद्धि के लिए समुचित बरसात का होना भी जरूरी है। झारखंड के पलामू और उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिलों में उरांव जनजाति के पुजारी (पाहनों) ढोल–मांदर बजाते हुए करीब की नदी, तालाब या कुएं से दो घड़ों में पानी लाकर सरनास्थल के उत्तर और दक्षिण दिशा में उन्हें रखा जाता है। पानी की गहराई साल के तने से नापी जाती है। फिर दूसरे दिन घड़े में पानी को उसी तने से नापा जाता है। पानी के कम होने या ना होने पर इस साल वर्षा का अनुमान किया जाता है।

आदिवासियों का वनस्पतियों से लेकर प्राणियों और परिंदों से सरल और सीधा नाता है। वे मौसम के मिजाज और जंगल की भावनाओं को समझते हैं। आधुनिकता की जगमग से अँधियारा जरूर छँट रहा है लेकिन इन बढ़ती आधुनिक सुविधाओं के बीच अपना जीवन जीना और आसपास के जीव–जंतुओं के साथ साहचर्य की संस्कृति में उत्सवजीवी होना ही आज भी आदिवासी समाज की जिन्दगी की मूल भावना होती है। इन पेड़ों और जल–संसाधनों, सब पर आश्रित सैकड़ों किस्मों के जीव–जंतु, पशु–पक्षी, कीट–पतंग इतने महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं कि बस्तियों में रहने वाले आदिवासी इन सबको अपने अलग–अलग गोत्र नाम से जोड़ लेता है। जो समूह जिस जानवर–जीव को अपना कुल–गोत्र का प्रतीक मान लेता है, वह उसकी हत्या नहीं करता। जैसे झारखंड के कच्छप गोत्र के आदिवासी कछुए का शिकार नहीं करते। आंध्र प्रदेश के गोदावरी तटीय इलाकों, खासतौर से नल्लामल्ला की पहाड़ियों के आदिवासी बाघों का शिकार नहीं करते, चूंकि बाघ उनके लिए बेहद पवित्र और पूर्वजों के संपर्क में रहने वाला जानवर है।

आदिवासी का मतलब महज पहाड़ों और जंगलों में रहना नहीं है बाल्कि प्रकृति के बीच का इंसान, उसे जोगाकर, संभालकर–संभलकर कुदरत के अवयवों को सालों–साल तक बचाकर रखने वाला मनुष्य ही आदिवासी है। आधुनिक जमाने में अपने देश में जिन 'सेक्रेड ग्रोव' यानी पवित्र उपवन की

अवधारणा को बेहद सम्मान से स्वीकार किया जाता है उसे आदिवासी समाज के मूल चिंतन और उनकी जीवनशैली के परिप्रेक्ष्य में देखना जरूरी है। ये तमाम 'ग्रोव' अलग–अलग आकारों के जंगल के टुकड़े हैं, जो धार्मिक सद्भावनाओं और मंशाओं के साथ आज संरक्षित हैं। ये आमतौर पर महत्वपूर्ण धार्मिक अर्थ रखते हैं। शिकार और पेड़ों की कटाई से इन्हें मुक्त रखा जाता है। पेड़ों की पूजा और सुसंगत तरीके से उन्हें काटने का अनुशासन जनजातीय समाज में युगों से है। इस बात को नयी पीढ़ी को समझना होगा। इस समाज की अनगिनत पीढ़ियों ने अपनी सोच, भावनाओं, जीवनशैली, अपने लोकाचार, जीवन–व्यवहार, धर्म, आस्थाओं और संस्कारों में प्रकृति को केंद्र में रखकर जिस कुदरत को बचाया है, उसे बचाकर रखना हमारा बुनियादी कर्तव्य है।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची


1. (Shivamurthy, Y.L., H.K. Rashmi, Hassan S. Rajani, and Doddaiah Narayanappa. 2017. A Comparative Study on Sociodemographic Characteristics between Tribal and Non-Tribal Children. Pediatric Education and Research 5 : 129.)
2. (Honoring Tribal Spirituality in India : An Exploratory Study of Their Beliefs, Rituals and Healing Practices Shannal Rowkith and Raisuyah Bhagwan)
3. (Undertrials. In__.Jharkhand.pdf (sanhati.com)
4. (Xaxa, V. 1999 `Tribes as Indigenous People of India'. Economic and Political Weekly 34(51) : 3589-3595)
5. (Omvedt, G. (1988) `Review : Are `Adivasis' Subaltern?'. Economic and Political Weekly, 23(39) : 2001-2002 : 2001)
6. Sunder, N. 2009, Legal Grounds : Law, Politics and Practices in Jharkhand)
7. D. & S. Dasgupta 2011, The Politics of Belonging in India : Becoming Adivasi, London and New Yourk : Routledge
8. Ancient Society, L.H. Morgan, pp 465-66

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2023 SHISRRJ | Volume 6 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# अभिज्ञानशाकुन्तल में नैतिक मूल्य एक विमर्श

डॉ. देवनारायण पाठक
शोधनिर्देशक, संस्कृत विभाग
नेहरू ग्रामभारती (मानित वि.वि.)
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

विजय कुमार पटेल
शोधच्छात्र, संस्कृत विभाग
नेहरू ग्रामभारती (मानित वि.वि.)
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

**Article Info**

**Publication Issue :**
January-February-2023
Volume 6, Issue 1

**Page Number :** 67-75

**Article History**
Received : 01 Jan 2023
Published :13 Jan 2023

**शोधसारांश–** प्राचीन भारतीय महापुरूषों ने जिन नैतिक मूल्यो की स्थापना की है वे जीवन के व्यक्तिगत हितों की ओर प्रेरित करते हुए सामाजिक हित को ध्यान में रखकर अन्तिम उद्देश्य मोक्ष को प्राप्त करना ही अनिवार्य बताया है। मनुष्यों के आचारों–व्यहारों का निर्धारण नैतिक मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में समाज के एक बड़े समूह द्वारा अनुमोदित होता है। इसलिए मनुष्यों का आचरण उनकी स्वाभाविक विशिष्टताओं एवं सामाजिक वातावरण का परिणाम होता है। लेकिन जब मानव समाज के एक अंग के रूप में मानव समाज द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार आचरण नहीं करता है तब सामाजिक या वैयक्तिक मूल्यों के प्रति असंवेदनशील हो जाता है जिसके परिणाम स्वरूप नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक मूल्यों का महत्व कम हुआ है। अत: व्यक्तियों को सामाजिक मूल्यों मानदण्डों के अनुसार ही आचरण करना चाहिए। सामाजिक मूल्यों या वैयक्तिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए। जिससे नैतिक व आदर्श युक्त समाज की स्थापना हो सके।

**मुख्य शब्द** – नैतिक मूल्य, अभिज्ञानशाकुन्तल, कालिदास, जीवन, सामाजिक, समूह।

साधारण रूप में यदि हम नैतिक शब्द की बात करें तो सर्वप्रथम नैतिक शब्द का अर्थ अच्छा होता है, सच्चाई, ईमानदारी, निश्छल प्रेम, दयालुता तथा मैत्री आदि को नैतिक मूल्य कहा जाता है। इनमें से सच्चाई को स्वत: साध्य मूल्य कहा जाता है क्योंकि यह अपने आप में मूल्यपूर्ण है। इसका प्रयोग साधन की भाँति नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह स्वत: साध्य होता है। सभी प्रकार के विवादों में सत्य का ही अन्वेषण करने का प्रयास किया जाता है। जबकि सत्य अपने आप में एक विस्तृत दार्शनिक अवधारणा है। किन्तु यदि संक्षिप्त रूप से सत्य के विषय में विचार किया जाय तो इसे वस्तु स्थिति को ज्यों का त्यों कहना कहा जाता है। इसके कहने का तात्पर्य यह है कि बिना किसी पूर्वाग्रह के किसी घटना या वस्तु स्थिति को देखना, उसे समझना और उसको उसी रूप में ज्यों का त्यों, अभिव्यक्त करने को ही सच्चाई कहते हैं।

मनुष्य में स्वाभाविक रूप से दया नामक सद्गुण भी विद्यमान रहता है। मानव जातियों में अन्य लोगों के प्रति

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

दयालुता का भाव उत्पन्न होना स्वाभाविक गुण है। प्राय: मानव अन्य लोगों को जब कठिनाई में देखता है तब उसका अन्त:करण द्रवित हो उठता है और वह उस कठिनाई में पड़े हुए की सहायता करने के लिए प्रसाय करने लगता है। क्योंकि मानव पृथ्वी पर निवास करने वाले सभी प्राणियों में से एक बुद्धिमान प्राणी है। इसिलिए वह सोचता है कि इस प्रकार की समस्याएँ किसी के भी ऊपर आ सकती हैं इस कारण से दयाभाव से युक्त होकर ही एक दूसरे की सहायता करने का प्रयास करता है।

सम्पूर्ण जगत में प्रेम को सर्वोपरि स्थान दिया जाता है।मनुष्य एक दूसरे से प्रेम करता है। प्रेम न केवल मानवों में ही विद्यमान होता है अपितु पशु–पक्षियों तथा अन्य प्राणियों में भी घनिष्ठ प्रेम विद्यमान रहता है।

मनुष्य जाति ऐसी ही है कि वह अपनी जाति से तो प्रेम करता ही है, इसके अलावा वह पशु–पक्षियों तथा अन्य जीवों से भी स्नेह रखता है। जब दुष्यन्त मृग का पीछा करते हुए आश्रम के निकट पहुँच जाते हैं तो ऐसा करते हुए उनको तपस्वियों द्वारा रोका जाता है और कहा जाता है कि हे राजन् यह आश्रम का मृग है इसे न मारिए।

**न खुल न खलु बाण: सन्निपात्योऽयमस्मिन् मृदुनि मृगशरीरे पुष्पराशाविवाग्नि:।**
**क्व बत हरिणकानां जीवितं चातिलोलं क्व च निशितनिपाता वज्रसारा: शरास्ते।।**[1]

अर्थात, हे राजन यह आश्रम का मृग है इसे न मारिए, न मारिए। इस सुकुमार मृग के शरीर पर पुष्पराशि पर अग्नि के समान यह बाण न चलाइए, न चलाइए यह अत्यन्त खेद की बात है कि कहाँ तुच्छ हरिणों का जीवन और कहाँ तीक्ष्ण प्रहार करने वाले व्रज के समान कठोर आपके बाण।

**तत् साधुकृतसन्धानं प्रतिसंहर सायकम्।**
**आर्तत्राणाय व: शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि।।**[2]

अत: अच्छे प्रकार से धनुष पर सधे हुए अपने बाण को उतार लिजीए। आपका शस्त्र दु:खितों की रक्षा के लिए, निरपराधों पर प्रहार के लिए नहीं। क्योंकि यदि रक्षक ही भक्षक बन जायेगा तो प्राणियों की रक्षा कौन करेगा और इस तरह से तो प्रजातियाँ ही विलुप्त हो जायेंगी। इस प्रकार से तपस्वियों ने राजन् को प्राणिमात्र से स्नेह करने का संदेश दिया की पीड़ितों की रक्षा करना एक राजा का प्रथम कर्तव्य होता है। क्योंकि राज्य की सीमा के भीतर निवास करने वाले समस्त प्राणियों की रक्षा का दायित्व उस राज्य के राजा का है और उसका नैतिक कर्तव्य भी बनता है।

सभी मनुष्य एक ही सर्वशक्तिमान परमात्मा की सन्तान है, इसलिए उनमें एक दूसरे के प्रति प्रेम होना स्वाभाविक है। यदि वास्तविक रूप में देखा जाए तो मानव प्रेम ही ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा है।

प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति की यह विशेषता रही है कि यह वसुधैवकुटुम्बकम् की बात करती है। इसका अभिप्राय यह कि सम्पूर्ण पृथ्वी को ही एक परिवार के समान मानना है। इस पृथ्वी पर निवास करने वाले सम्पूर्ण प्राणियों को परस्पर स्नेह एवं भाईचारे के साथ मिलकर रहने की प्रेरणा प्रदान करती है। यह भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण विशेषता है। परन्तु वर्तमान समय में सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि समाज में एवं मनुष्यों में साम्प्रदायिकता,

1 अभिज्ञानशाकुन्तलम 1/10

2 अभिज्ञानशाकुन्तलम् 1/11

जातियता, भाषावाद, क्षेत्रीयता, हिंसा की कुत्सित एवं संकीर्ण भावना सम्पूर्ण समस्याओं का मूल कारण है। इन्हीं भावनाओं के कारण मनुष्यों का वर्तमान समय में नैतिक एवं चारित्रकि पतन भी हो रहा है। नैतिकता का सम्बन्ध मानवीय अभिवृत्ति से है। इस कारण से नैतिकता का शिक्षा से अभिन्न सम्बन्ध भी है। कौशलों व दक्षताओं की अपेक्षा अभिवृत्ति–मूलक प्रवृत्तियों के विकास में पर्यावरणीय घटकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यदि विद्यार्थियों के परिवेश में नैतिकता का अभाव है तो जिन तत्वों की उनके परिवेश में अधिकता होगी वे उनके जीवन के अंश बन जायेंगे। इससे यह स्पष्ट होता है कि मूल्य पढ़ाये नहीं जाते अपितु परिवेश से अधिगृहित किये जाते हैं। राजा दुष्यन्त मृग का पीछा करते हुए आश्रम के समीप पहुँच जाते हैं जहाँ तपस्वियों द्वारा आश्रम का मृग है इसे न मारिए ऐसा कहने पर आश्रम धर्म अनुकूल व्यवहार करते हैं और धनुष पर चढ़ाये हुए अपने बाण रोक लेते हैं इससे तपस्वि प्रसन्न होकर उनको अपने गुणों से युक्त पुत्र प्राप्त करने का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

**जन्म यस्य पुरोर्वंशे युक्तरूपमिदं तव।**
**पुत्रमेवंगुणोपेत चक्रवर्तिनमाप्नुहि।।**[3]

दुष्यन्त शकुन्तला के सौन्दर्य को देखकर उसके प्रति आकर्षित हो जाते हैं। किन्तु आकर्षित होते हुए भी वे शकुन्तला के प्रति प्रेम को तबतक प्रकट नहीं करते हैं जब तक की वे शकुन्तला के सम्पूर्ण जीवन वृतान्त को जान नहीं लेते हैं। इससे दुष्यन्त का चरित्र उज्जवल प्रतीत होता है। जब सम्पूर्ण वृतान्त पूर्ण रूप से जान लेते हैं कि शकुन्तला एक क्षत्रिय एवं अप्सरा से उत्पन्न सौन्दर्य की प्रतिमूर्ति है और एक क्षत्रिय द्वारा पत्नी रूप में ग्रहण किये जाने योग्य है। अवसर प्राप्त होने पर वह अपने आप को शकुन्तला के सामने प्रकट कर देते हैं।

**क: पौरवे वसुमतीं शासति शासितरि दुर्विनीतानाम्।**
**अयमाचरत्यविनयं मुग्धासु तपस्विकन्यासु।।**[4]

शकुन्तला की सखी प्रियवंदा और अनसूया है जो उसकी सहचरी है उनके माध्यम से ही दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में सम्पूर्ण वृतान्त की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। शकुन्तला की सखियों में अनुसूया दूरदृष्टि रखने वाली है जबकि प्रियवंदा प्रिय व मधुर भाषिणी है। अनसूया द्वारा यह कहने पर की यदि पिताजी आज यहाँ होते तो विशिष्ट अतिथि को अपना सर्वस्व देकर कृतार्थ हो जाते। सखी की इस बात को शकुन्तला समझ जाती है कि अनसूया उसको ही लक्ष्य करके दुष्यन्त से यह बात कर रही है क्योंकि कण्व ऋषि शकुन्तला को योग्य वर को देने के लिए निश्चय किये हुए थे, तो अनसूया की बातों से लज्जीत होती हुई शकुन्तला वहां से उठ कर जाना चाहती है। इस पर दुष्यन्त मन ही मन उसे पकड़कर रोकना चाहते हैं किन्तु विनय के कारण ऐसा नहीं करते हैं। इस प्रकार का उनका आचरण उनके नैतिक आदर्श को अभिव्यक्त करता है।

**अनुस्यायन् मुनितनयां सहसा विनयेन वारितप्रसर:।**
**स्थानादनुच्यलन्नपि गत्वेव पुन: प्रतिनिवृत्त।।**[5]

---

3 अभिज्ञानशाकुन्तलम् 1/12

4 अभिज्ञानशाकुन्तलम् 1/25

5 अभिज्ञानशाकुन्तलम् 1/29

शकुन्तला के प्रस्थान करते समय प्रियवंदा उसको बलात् लौटाती है। वह उससे कहती है कि तू दो वृक्ष सिंचने की मेरी ऋणी है, अत: अभी यहाँ से नहीं जा सकती हो। प्रियवंदा की बात सुनकर दुष्यन्त शकुन्तला को थकी हुई जानकर शिष्ट शब्दों में उसको अभिव्यक्त करते हुए अपनी नामांकित अंगूठी देना चाहते हैं जिससे वह ऋण मुक्त हो सके। इस प्रकार का मर्यादित आचरण नैतिकता को दर्शाता है।

**स्त्रस्तांसावतिमात्रलोहिततलौ बाहू घटोत्क्षेपणाद्**
**अद्यापि स्तनवेपथुं जनयति श्वास: प्रमाणाधिक:।।**
**बद्धं कर्णशिरीषरोधि वदने धर्माम्भसां जालकं**
**बन्धे स्रंसिनि चैकहस्तयमिता: पर्याकुला मूर्धजा:।।**[6]

अर्थात शकुन्तला को वृक्ष सींचने के कार्य से मैं थकी हुई देख रहा हूँ क्योंकि घड़ा उठाने से इनके हाथ कन्धे पर से झुक गये हैं और हथेलियाँ अत्यधिक लाल हो गयी है। बहुत लम्बे श्वास अब भी स्तनो को कम्पित कर रहे हैं। कान के शिरीष के फूल को रोकने वाला पसीने की बूँदों का समूह मुखमंडल पर व्याप्त है। वेणी का बन्धन खुल जाने से बालों को एक हाथ से पकड़े हुए है और बिखरे हुए हैं। ऐसा कहकर अपनी अंगूठी को देना चाहता है।

कण्व ऋषि के शिष्यों की बात मानकर जब दुष्यन्त ने आश्रम धर्म के अनुकूल शिष्ट व्यवहार किया तो ऋषि शिष्य उनके व्यवहार से अति प्रसन्न हुए और उन्हें आशिर्वाद प्रदान कते हुए कहा कि हे राजन् अपने पूर्वजों के व्यवहार का अनुकरण करने वाले आपके लिए यह अत्यन्त उचित है क्योंकि पुरूवंशी राजा आपत्तिग्रस्त जनों को अभयदान-रूपी यज्ञ की दीक्षा लिये हुए है।

**अनुकारिणीं पूर्वेषां युक्तरूपमिदं त्वयि।**
**आपन्नाभयसत्रेषु दीक्षिता: खलु पौरवा:।।**[7]

राजा दुष्यन्त नैतिक आदर्शों में अग्रणी के साथ एक आज्ञाकारी पुत्र भी थे। उनके लिए माता को तथा गुरूजनों की सेवा सर्वोपरि थी। इसिलिए हस्तिनापुर वापस लौट जाने के लिए माता जी का संदेश प्राप्त होने पर वह दुविधा में पड़ जाते हैं कि दोनों ही कार्य अलग-अलग स्थान पर होने से उनका मन सामने पहाड़ से रूकी हुई नदी के प्रवाह के समान दुविधा में पड़ जाता है। क्योंकि एक तरफ उनकी माता जी का हस्तिनापुर लौटने का आदेश है तो दूसरी तरफ गुरूजनों एवं ऋषियों की रक्षा का भार यह दोनों ही कार्य अनुलंघनीय है। इस प्रकार की विचार धारा रखने वाला व्यक्ति ही आदर्श व्यवहारों वाला माना जाता है।

**कृत्ययोर्भिन्नदेशत्वाद् द्वैधीभवति में मन:।**
**पुर: प्रतिहतं शैले स्त्रोत: स्त्रोतोवहो यथा।।**[8]

माधव्य को दुष्यन्त की माता पुत्रवत् मानती हैं इसलिए दुष्यन्त ने पुत्र धर्म का कार्य करने के लिए हस्तिनापुर

---

6 अभिज्ञानशाकुन्तलम् 1/30

7 अभिज्ञानशाकुन्तलम् 2/16

8 अभिज्ञानशाकुन्तलम् 2/17

माधव्य को भेज देते हैं स्वयं को तपस्वियों के कार्य में व्यस्त चित्र बताकर माता एवं गुरूजन दोनों के प्रति अपने कार्य का निर्वहन करते हैं। जिससे वह एक अच्छे शासक व प्रजा के हितैशी होने तथा माता का आज्ञाकारी पुत्र होने के धर्म का पालन करते हैं। वह तपस्या की शक्ति को भलिभांति जानते हैं इस कारण से शकुन्तला के साथ ऐसा कोई अनैतिक व्यवहार नहीं करना चाहते हैं जिससे कि कण्व ऋषि क्रोधित हो। शकुन्तला के अन्तर्मन को जब भाँप लेते हैं कि वह भी उनके प्रति उतनी ही आसक्त है जितना की वह फिर भी मर्यादा की रक्षा के लिए आसक्त होते हुए भी अपने प्रेम को प्रकट न करते हुए समय की प्रतीक्षा करते हैं। उसके प्रति आसक्त मन को लौटाने में असमर्थता प्रकट करते हैं।

**जाने तपसो वीर्यं सा बाला परवतीति में विदितम्।**
**अलमस्मि ततो हृदयं तथापि नेदं निवर्तयितुम्।।**[9]

महर्षि कण्व की पुत्री शकुन्तला तथा दुष्यन्त दोनों ही एक दूसरे के प्रति आकृष्ट हैं। कण्व पुत्री तिरस्कार के भय से अपने प्रेम को दुष्यन्त के समक्ष प्रकट नहीं करती हैं तो दुष्यन्त मर्यादा की रक्षा के लिए जब तक भलिभाँति यह जान नहीं लेते हैं कि शकुन्तला भी उतनी ही आसक्त है उनपर जितना की वह तब तक अपने प्रेम को उसके समक्ष प्रकट नहीं करते हैं। पूर्ण रूप से आसक्त हो जाने पर ही शकुन्तला के समक्ष अपने प्रेम को प्रकट करते हैं।

**अयं स ते तिष्ठति संगमोत्सुको विशङ्कसे भीरू यतोऽवधीरणाम्।**
**लभेत वा प्रार्थयिता न वा श्रियं श्रिया दुरापः कथमीप्सितों भवेत्।।**[10]

अनसूया नैतिक व्यवहार को जानने वाली एवं दूरदृष्टि की विचार धारा रखने वाली महिला थी। अनसूया अपनी प्रियसखी शकुन्तला के भविष्य को लेकर सदैव चिन्तनशील रहा करती थी। इसलिए वह राजा दुष्यन्त से निवेदन करती है कि आप राजाओं की बहुत सी पत्नियाँ हुआ करती हैं। आप हमारी प्रियसखी के साथ उसी प्रकार का व्यवहार करें जिससे की वह अपने बन्धु-बान्धवों के लिए शोचनीय एवं निन्दनीय न हो। दुष्यन्त ने शकुन्तला की सखी अनसूया को आश्वस्त करने के पश्चात् ही उसकी सखी शकुन्तला से गान्धर्व विवाह करके उसके साथ प्रेमव्यवहार करता है।

**गान्धर्वेण विवाहेन वहव्यो राजर्षिकन्यकाः।**
**श्रूयन्ते परिणीतास्ताः पितृभिश्चाभिनन्दिताः।।**[11]

दुष्यन्त से बार-बार शिष्टाचार पालन के लिए आग्रह करती हुई शकुन्तला नैतिक मर्यादा की रक्षा के लिए चिन्तनशील रहती है। तपोवन के वृक्षों एवं लता समूहों के प्रति भी शकुन्तला का स्नेह भाई-बहन का सा है। स्नेह के कारण ही वह जब तक वृक्षों को सिंचने का कार्य सम्पन्न नही कर लेती तब तक स्वयं भी जल नहीं ग्रहण करती थी। अलंकारों की अतिशय प्रिय होने पर भी वृक्षों से पत्ते को नहीं तोड़ती थी और वृक्षों एवं लताओं में पुष्पोद्गम के समय को उत्सव के समान मनाती थी। महर्षि कण्व ने शकुन्तला के पतिगृह गमन के समय उसे वनवासी साथियों से अनुमति लेने के लिए कहते हैं। सामान्य जीवन में भी व्यक्ति दूर गमन करते समय अपने अग्रजों एवं पूजनीय जनों से अनुमति एवं आशीर्वाद प्राप्त करता है। यह नैतिक आदर्श को अभिव्यक्त करता है। इसी प्रकार की अनुमति प्रदान करने की बात

9 अभिज्ञानशाकुन्तलम् 3/2

10 अभिज्ञानशाकुन्तलम् 3/11

11 अभिज्ञानशाकुन्तलम 3/20

महर्षि कण्व के द्वारा साथी वनवासियों से कही गयी है।

**पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युस्मास्वपीतेषु या**
**नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्।**
**आद्ये वः कुसुमप्रसूति समये यस्या भवत्युत्सवः**
**सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्।।**[12]

जिस प्रकार से सामान्य भौतिक जगत में कोई भी मनुष्य अपने सगे–सम्बन्धियों से जब वियुक्त होता है तो वह असहनीय पीड़ा की अनुभूति करता है और उस पीड़ा को वह किसी न किसी रूप में बाहर प्रकट करता है। इसी प्रकार जंगल में पालित–पोषित एवं वनवासी साथियों के मध्य पली–बढ़ी हुई शकुन्तला जब पतिगृह के लिए गमन करती है तो उसके सहचर उसके वियोग में इतने दुःखित हो जाते हैं कि मृगों ने कुशा के ग्रास को भी खाना छोड़ दिया मयूरों ने नाचना छोड़ दिया है, तो वन की लताओं ने भी अपने पीले पत्तों को त्यागकर मानों आंसू बहा रही हो। इस प्रकार महाकवि ने मानव के साथ वन के पशु–पक्षियों एवं वृक्षों के मध्य उच्च नैतिक आदर्श की स्थापना किया है।

**उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनर्तना मयूराः।**
**अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः।।**[13]

इस भौतिक जगत में सभी पितृजनों की यह आन्तरिक अभिलाषा होती है कि जब पुत्री विवाह के योग्य हो जाये तो वह अपने अनुरूप वर को प्राप्त करें जिससे उसका जीवन सुखमय हो। महर्षि कण्व ने भी शकुन्तला को उसके अनुरूप वर को प्रदान करने का संकल्प लिया था जिसे भाग्य ने स्वयं ही संपादित करा दिया। महर्षि कण्व शकुन्तला एवं नवमालिका इन दोनों के प्रति अब निश्चन्ति हो जाते हैं क्योंकि शकुन्तला को दुष्यन्त जैसे पति तो नवमालिका को आम्र जैसे पति मिल गये हैं।

**संकल्पितं प्रथममेव मया तवार्थे भर्तारमात्मसदृशं सुकृतैर्गता त्वम्।**
**चूतेन संश्रितवती नवमालिकेय- मस्यामहं त्वयि च सम्प्रति वीतचिन्तः।।**[14]

मनुष्य होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति का यह प्रथम धर्म होता है कि वह किसी भी असहाय प्राणी की रक्षा करे। उसे किसी प्रकार का कष्ट न स्वयं दे और न तो दूसरे प्राणी द्वारा उसे किसी प्रकार का कष्ट देने दे। यहीं मानवता का सर्वोच्च आदर्श होता है जिसे मानव धर्म कहा जाता है। यह धर्म सभी धर्मों से उच्च होता है। अपने इसी मानव धर्म का पालन करते हुए शकुन्तला ने मृग के बच्चे के मुख में कुश के विंध जाने से हुए घाव को भरने में समर्थ इंगुदी का तेल लगाया था।

वहीं मृग का बच्चा पतिगृह गमन के समय उसका मार्ग नहीं छोड़ रहा था। जिसे जंगली साँवा एवं चावल की मुट्ठियों से पाला गया था। कवि ने यहाँ पर पशु का मानव के साथ प्रेम के उच्च आदर्शों की स्थापना की है।

---

12 अभिज्ञानशाकुन्तलम 4/9

13 अभिज्ञानशाकुन्तलम 4/12

14 अभिज्ञानशाकुन्तलम 4/13

**यस्य त्वया ब्रणविरोपणमिङ्गुदीनां**
**तैलं न्यषिच्यत मुखे कुशसूचिविध्ये।**
**श्यामाकमुष्टिपरिवर्द्धितको जहाति**
**सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते।।**[15]

शकुन्तला की विदाई के अवसर पर महर्षि काश्यप ने अपनी पालित पुत्री को जिन नैतिक आदर्शों की शिक्षा प्रदान करते हैं वह समस्त विश्व समुदाय की नव वधुओं के लिए वरदान के समान है। महर्षि द्वारा बताये गये मार्ग का अनुसरण करने वाली स्त्रियाँ कुल को उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त कर सकती है और इसके विपरीत आचरण करने वाली स्त्रियाँ कुल के लिए अभिशाप होती हैं।

**शुश्रूषस्व गुरून् कुरू प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने**
**भर्तुर्विप्रकृताऽपि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः।**
**भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वनुत्सेकिनी**
**यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः।।**[16]

शकुन्तला अपने पतिगृह गमन के समय पिता कश्यप के वियोग से संतप्त होकर कहती है कि पिताजी अब पुनः मैं कब इस पवित्र आश्रम में आ सकुंगी। इस पर महर्षि कश्यप उसे नैतिक धर्म का उपदेश देते हुए कहते हैं कि चिरकाल तक चारों समुद्रों से व्याप्त पृथ्वी का शासन करने वाले दुष्यन्त की सपत्नी होकर, अपने अद्वितीय महारथी पुत्र दौष्यन्ति को सिंहासन पर बैठाकर और जिसने उसपर परिवार के भार को अर्पित कर दिया हो ऐसे अपने पति के साथ पुनः इस शान्त आश्रम में आकर रह सकोगी।

**भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी दौष्यन्तिमप्रतिरथं तनयं निवेश्य।**
**भर्त्रा तदर्पितकुटुम्बभरेण सार्धं शान्ते करिष्यसि पदं पुनराश्रमेऽस्मिन्।।**[17]

नैतिकता के आधार पर जब तक पुत्र परिवार के दायित्व का निर्वहन करने योग्य नहीं हो जाता तब तक माता-पिता का यह कर्तव्य बनता है कि परिवार के दायित्व का निर्वहन करें और जब पुत्र परिवार के भार का निर्वहन करने योग्य हो जाये तब माता-पिता अपने पुत्र पर उस दायित्व के भार को अर्पित कर स्वयं उस दायित्व से मुक्त हो जाते हैं। इसी नैतिक तथ्य को महर्षि शकुन्तला से कहते हैं।

हस्तिनापुर के पुरोहित, तपस्वियों को अवगत कराते हैं कि चारों वर्णो- क्षत्रिय, ब्राह्मण, शुद्र और वैश्य तथा चारों आश्रमों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास के संरक्षक महाराज दुष्यन्त पहले से ही अपना आसन छोड़कर आप तपस्वियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महाराज के इस प्रकार के शिष्टाचार प्रदर्शन से महर्षि के शिष्य प्रसन्नचित होकर कहते हैं कि वृक्ष फलों से लद जाने पर नम्र हो जाते हैं। बादल नवीन जल से परिपूर्ण हो जाने पर घटायें बहुच नीचे लटक जाती

15 अभिज्ञानशाकुन्तलम 4/14

16 अभिज्ञानशाकुन्तलम 4/18

17 अभिज्ञानशाकुन्तलम 4/20

हैं। सज्जन पुरुष समृद्धि प्राप्त करके और भी सुशील हो जाते हैं। प्राय: परोपकारियों का स्वभाव ही ऐसा होता है।

**भवन्ति नम्रास्तरव: फलागमैर्नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घना:।**

**अनुध्दता: सत्पुरूषा: समृद्धिभि: स्वभाव एवैष: परोपकारिणाम्।।**[18]

